न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बेरमो (तेनुघाट)
छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क)/(ख) के अंतर्गत
***परमिशन वाद संख्या 74 वर्ष 2022***

आवेदक–टुरकु बेदिया उर्फ दरकु बेदिया
ग्राम – जगुडीह
थाना – पेटरवार जिला–बोकारो

क्रेता– दिनेश बेदिया
ग्राम –जगुडीह
थाना –पेटरवार जिला– बोकारो

| आदेश की क्र0 सं0 एवं तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। 03 |
|---|---|---|
| 20/03/23 | | C.C. 05/04/23 |

**आदेश**

यह वाद आवेदक टुरकु बेदिया उर्फ दरकु बेदिया पिता स्व0 रंगलाल बेदिया निवासी जगुडीह थाना पेटरवार जिला –बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(क))/(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|
| ओरदाना | 09 | 06 | 2591 | 10 डी0 | कृषि योग्य |
| | | 06 | 2592 | 22 डी0 | |
| | | 06 | 2594 | 15 डी0 | |
| | | 06 | 2730 | 20 डी0 | |

को वे अपने आवश्यक कार्य हेतु मो0 5,41,000/– (पॉच लाख एकतालीस हजार) रूपये में क्रेता– दिनेश बेदिया पिता ब्रजू बेदिया निवासी ग्राम जगुडीह थाना पेटरवार जिला– बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 473/रा0 दिनांक 30.05.2022 के माध्यम से अंचल अधिकारी, पेटरवार से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, पेटरवार के पत्रांक 250 दिनांक 14.03.2023 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि:–

01. बिक्रेता एवं क्रेता बेदिया जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेता एवं केता ग्राम जगुडीह एवं थाना–पेटरवार जिला–बोकारो का निवासी है।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि सर्वे खतियान में अमर सिंह वगैरह के नाम से दर्ज है तथा जमाबन्दी अमर सिंह बेदिया के नाम से पंजी–II के पृष्ठ सं0 05/1 में दर्ज है एवं लगान रसीद वर्ष 2003–2004 तक निर्गत है। बिकेता को यह भूमि आपसी बॅटवारा द्वारा हासिल है।
03. जमाबंदीधारी रैयत से बिकेता का संबंध परदादा पोता का है। बिकी वाली भूमि बिकेता के हक व हिस्से के अन्तर्गत आता है जिसपर बिकेता का दखल कब्जा है।
04. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन उनके पूर्वज अमर सिंह बेदिया के नाम से सर्वे खतियान में दर्ज है तथा जमाबन्दी अमर सिंह बेदिया के नाम से चल रही है। बिक्री वाली जमीन उसके हिस्से की है जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं। बिकेता के द्वारा एक शपथ पत्र समर्पित किया गया है जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि टुरकू बेदिया उर्फ दरकु बेदिया दोनों एक ही व्यक्ति हैं तथा दोनों के नाम से जाने जाते हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखी है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैः–

01. विक्रेता– अमर सिंह बेदिया के नाम सर्वेखतियान की छायाप्रति, अमर सिंह बेदिया के नाम लगान रसीद की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।
02. क्रेता– जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी पेटरवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता बेदिया जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं तथा बिकेता एवं केता ग्राम दोनों एक ही ग्राम, थाना एवं जिलान्तर्गत निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की खतियानी जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अत टुरकु बेदिया उर्फ दरकु बेदिया पिता स्व0 रंगलाल बेदिया निवासी जगुडीह थाना पेटरवार जिला–बोकारो को निम्नांकित भूमि :–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | बिक्री रकबा | उत्तर सीमा | दक्षिण सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ओरदाना | 06 | 2591 | 10 डी0 | टुरकू बेदिया | बजीया बेदिया | सुरजन बेदिया | खरा मॉझी |
| | 06 | 2592 | 22 डी0 | | | | |
| | 06 | 2594 | 15 डी0 | सुरजन बेदिया | विशुन मॉझी | धाने मॉझी | बजीया बेदिया |
| | 06 | 2730 | 20 डी0 | खरा मॉझी | पुरन ठाकुर | सरजु मॉझी | खरा मॉझी |
| ***कुल 67 डी0 (सरसठ डिसमिल जमीन मात्र।)*** | | | | | | | |

मो0 5,94,760/– (पॉच लाख चौरान्बे हजार सात सौ साठ रूपये ) या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित न्यूनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– दिनेश बेदिया पिता ब्रजू बेदिया निवासी ग्राम जगुडीह थाना पेटरवार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Digitally signed by SADANAND MAHTO
Date: 2024.08.28 12:23:03 +05:30
Location: 192.168.1.2

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित